# News Clips

## प्रवक्ताओं को अत्याधुनिक उपकरणों की दी ट्रेनिंग



फतेहपुर। उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ते राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महिला रैहन में चल रही दो दिवसीय सिविल इंजीनियरिंग ट्रेनिंग शुक्रवार को खत्म हो गई। संस्थान के प्रधानाचार्य डाक्टर सतीश कटवाल ने बताया कि संस्थान में बहुतकनीकी संस्थान कुल्लू, सुंदरनगर, हमीरपुर, चंबा, बनीखेत, तलवाड़ के प्रवक्ताओं ने हिस्सा लिया। जिन्हें डिजिटल प्लैनिमिटर, टोटल स्टेशन डिजिटल कम्प्रेसिंग टेस्टिंग मशीन सहित कई अत्याधुनिक उपकरणों की ट्रेनिंग दी गई।

पंजाब केसरी

THU,09 JUNE 2022
EDITION: SHIMLA KESARI, PAGE NO. 4

# प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

रोहड़, 8 जून (स.ह.): राजकीय बहुतकनीकी रोहड़ में कौशल विकास प्रशिक्षण कर्मशाला का आयोजन किया गया। 5 दिवसीय इस आयोजन में प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (पी.एल.सी.), इलैक्ट्रॉनिक्स ऑटोमाइजेशन विषय परस्रोत व्यक्ति अदिति दीवान प्रमाणित प्रशिक्षक इलैक्ट्रॉनिक्स सी.ए.ए.डी. कम्प्यूटर ऐडड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग कंपनी शिमला ने विस्तृत रूप से विषय की जानकारी उपलब्ध करवाई। इस कार्यशाला में इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों एवं इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम समन्वयक मुकेश चौहान ने बताया कि इस कार्यशाला में संबंधित विषय पर सभी छात्रों एवं फैकल्टी ने जानकारी हासिल की।

दैनिक भास्कर
हिमाचल 11-06-2022

# परीक्षा हो या प्रतियोगिता, सफल होने के लिए बड़ा लक्ष्य तय करें हर प्रतिभागी: डॉ. आकृति शर्मा

**हमीरपुर** | परीक्षा हो या मंच की प्रतियोगिता इसमें सफलता पाने के लिए हर प्रतिभागी को बड़ा लक्ष्य तय करना चाहिए। ऐसा करेंगे तो हर कोई पहले तीन स्थान हासिल तो नहीं कर पाएगा, लेकिन वे इसी लक्ष्य के दम पर सराहनीय स्थान हासिल जरूर कर पाएंगे। जिसके लिए उनकी प्रतिभा और उनके कठिन परिश्रम की हर जगह तारीफ ही तारीफ होगी। यह बात बड़ू स्थित पॉलिटेक्निकल कॉलेज हमीरपुर में शुक्रवार को आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि एसपी डॉ. आकृति शर्मा ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। बल्कि कठिन परिश्रम से उसे हासिल करने का लगातार प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने स्टूडेंट्स को को नशे से दूर रहकर पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के तरीके बताए और साइबर क्राइम, ड्रग फ्री हिमाचल ऐप, सोशल मीडिया, अच्छा बुरा स्पर्श इत्यादि विषयों के संदर्भ में भी जानकारी दी। प्रिंसिपल सतीश ढींगरा ने मुख्य अतिथि के संबोधन से मिली सीख को छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बताकर छात्रों को उनके अनुकरणीय शैक्षणिक जीवन का अनुसरण करने का आह्वान किया।

# विद्यार्थियों ने नृत्य और नाटी से मोहा मन

## राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर में मनाया पारितोषिक वितरण समारोह





बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर में वार्षिक उत्सव के दौरान प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

हमीरपुर। राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय हमीरपुर के सभागार में शुक्रवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर आकृति शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से उसे प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के तरीके बताए। उन्होंने साइबर क्राइम, ड्रग फ्री हिमाचल ऐप, सोशल मीडिया, अच्छा बुरा स्पर्श आदि विषयों के संदर्भ में जानकारी दी। प्रधानाचार्य इंजीनियर सतीश ढींगरा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

विद्यार्थियों ने नृत्य और नाटी पेश कर मन मोह लिया। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।


# सफल होने के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें

## राजकीय बहुतकनीकी के वार्षिक समारोह में बोलीं पुलिस अधीक्षक

हमीरपुर, 10 जून (अनिरुद्ध): राजकीय बहुतकनीकी हमीरपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर डा. आकृति शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए हमें बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम से उसे प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए तथा असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर तथा पढ़ाई एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के साधन बताए।

उन्होंने साइबर क्राइम, ड्रग फ्री हिमाचल एप, सोशल मीडिया, अच्छा-बुरा स्पर्श इत्यादि विषयों के संदर्भ में जानकारी दी। संस्थान प्रधानाचार्य इंजीनियर सतीश ढींगरा ने उन्हें छात्रों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बताया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने कई नृत्य एवं नाटी का प्रदर्शन किया।

मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए।



*हमीरपुर : वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का शुभारंभ करतीं पुलिस अधीक्षक डा. आकृति। (अनिरुद्ध)*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 11 June 2022
Edition: hamirpur kesari, Page no. 2

# पॉलीटैक्निक कांगड़ा के 17 छात्रों का चयन कृष्णा मारुति प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव में हुआ



वर्चुअल मोड के माध्यम से छात्रों का चयन करते प्राइवेट कंपनी के अधिकारी।

कांगड़ा, (मनोज) : राजकीय पॉलिटेक्निक कांगड़ा में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के हिस्से के रूप में कृष्णा मारु ति प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव ने वर्चुअल मोड के माध्यम से मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 17 छात्रों का चयन किया है। इस दौरान अभिषेक धीमान, बलविंदर सिंह, मनीष जरियाली, मनीष कुमार सहगल, मनप्रीत, नवीन कुमार, राजन बंसाली, साहिल धीमान, विशेष शर्मा, भारत धीमान, ऋतिक राणा, विनोद कुमार, परहुमन धनोतिया, अक्षु कुमार, अंशुली, अतुल जरयाल, नितिन कुमार का चयन हुआ है। संस्थान के प्राचार्य संजीव कुमार गौतम ने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी के प्रयासों की सराहना की और स्टाफ छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी।

# आइटीआइ सोलन की टीम बनी ओवरआल विजेता

- बैडमिंटन में नालागढ़ व कबड्डी में आनंद आइटीआइ बनी विजेता
- माडल आइटीआइ नालागढ़ में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



जीत की खुशी: माडल आइटीआइ नालागढ़ में जिलास्तरीय छात्र खेलकूद प्रतियोगिता की ओवरआल विजेता आइटीआइ सोलन की टीम तहसीलदार ऋषभ शर्मा के साथ • जागरण

**संवाद सूत्र, नालागढ़** : माडल आइटीआइ नालागढ़ में चल रही तीन दिवसीय 13वीं छात्र जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में सोलन आइटीआइ ने ओवरआल ट्राफी का खिताब अपने नाम किया, जबकि आइटीआइ अर्की की टीम उपविजेता रही।

बैडमिंटन में नालागढ़ विजेता, सोलन उपविजेता, खो-खो में सोलन विजेता व अर्की उपविजेता, वालीबाल में सोलन विजेता व पट्टा महलोग उपविजेता, जबकि कबड्डी में आनंद आइटीआइ विजेता व वूमेन आइटीआइ नालागढ़ की टीम उपविजेता बनी। मुख्य अतिथि तहसीलदार ऋषभ शर्मा ने विजेता व उपविजेता टीमों के अलावा खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माडल आइटीआइ के प्रिंसिपल जोगिंद्र शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में एमवीआइ नालागढ़ पंकज लगवाल ने शिरकत की।

माडल आइटीआइ के प्रिंसिपल जोगिंद्र शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में मेजबान माडल आइटीआइ नालागढ़, सोलन, दिग्गल, कसौली, पट्टा सहित निजी आइटीआइ के करीब 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। तहसीलदार ऋषभ शर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलें भी विद्यार्थी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं। युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर पढ़ाई व खेलों की ओर अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि हार व जीत काई मायने नहीं रखती है, अपितु खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इससे जहां शारीरिक विकास होता है, वहीं खेलों के माध्यम से खिलाड़ी देश व विदेश में अपना और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करता है।

इस मौके पर आइटीआइ दिग्गल के प्रिंसिपल श्याम लाल, आइटीआइ पटटा के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार, आइटीआइ धर्मपुर के प्रिंसिपल बलजीत सिंह, समूह अनुदेशक ऊषा रानी, स्पोर्ट्स इंचार्ज रवि मीलू, मैस इंचार्ज जिम्मी सैनी, टीम कोच चयनकर्ता पीयूश दुर्वाशा, कमेंटेटर उमेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
SAT,11 JUNE 2022
EDITION: MANDI KESARI, PAGE NO. 2

# आई.टी.आई. जोगिंद्रनगर बना ओवरऑल चैम्पियन

## जिला स्तरीय 15वीं खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

जोगिंद्रनगर, 10 जून (वेद): आई.टी.आई. जोगिंद्रनगर में चल रही जिलास्तरीय 15वीं खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई, जिसका समापन शिवेंद्र डोगर अध्यक्ष जिला आई.टी.आई. स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने किया। प्रधानाचार्य तनुज शर्मा ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया, तत्पश्चात मार्चपास्ट की सलामी ली। इस 4 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



जोगिंद्रनगर : आई.टी.आई. की जिला स्तरीय 15वीं खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर चैम्पियन बनी आई.टी.आई. जोगिंद्रनगर की टीम मुख्यातिथि के साथ सामूहिक चित्र में। (वेद)

आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य तनुज शर्मा ने बताया कि 4 दिन तक हुई विभिन्न खेलों में आई.टी.आई. जोगिंद्रनगर ओवरऑल चैम्पियन बना वहीं बास्केटबाल में बटैल विजेता व डैहर उपविजेता, वालीबाल में लाल जी निजी आई.टी.आई विजेता व मंडी उपविजेता, बैडमिंटन में जोगिंद्रनगर विजेता व पपलोग उपविजेता, खो-खो में मंडी विजेता व सुंदरनगर उपविजेता, कबड्डी में मंडी विजेता व बगस्याड़ उपविजेता रहे।

वुशू 48 किलो में उमित सुंदरनगर ने गोल्ड, पारस जोगिंद्रनगर ने सिल्वर व सुमित ने ब्रांज मैडल, वुशू 52 किलो वर्ग में विशाल ने गोल्ड, उमेश ने सिल्वर व आयुश ने ब्रांज मैडल, वुशू 56 किलो वर्ग में अमन ने गोल्ड, निशांत ने सिल्वर व विजय ने ब्रांज मैडल जीता।

वुशू 60 किलो वर्ग में विशाल ने गोल्ड, पवन ने सिल्वर व सौरभ कुमार ने ब्रांज, वुशू 65 किलो वर्ग में अभिषेक, अक्षय, आदर्श ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज, वुशू 70 किलो वर्ग में मनीश, विवेक व रोहित ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज, वुशू 75 किलो वर्ग में प्रियांशु, टेक चंद व अनुज ने क्रमशः गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज, वुशू 80 किलो वर्ग में अमन व सौरभ ने क्रमशः गोल्ड व सिल्वर तथा वुशू 85 किलो वर्ग में लक्ष्मी कांत ने गोल्ड, वुशू 90 किलो वर्ग में जयराम ठाकुर ने गोल्ड और वुशू 90 प्लस वर्ग में आदित्य आई.टी.आई. जोगिंद्रनगर ने गोल्ड मैडल जीते।

# खंड स्तरीय युवा संसद में सरोआ स्कूल प्रथम

**चैलचौक (योगिंद्र) :** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगस्याड़ में खंड स्तर पर आयोजित युवा सांसद कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोआ के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य रमेश चंद ने बताया कि अंडर-14 जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तहत भाषण प्रतियोगिता में सिमरन कटोच ने प्रथम स्थान झटका है। इसके अलावा खेलों के छात्रा वर्ग में लड़कियां वालीबाल में रनरअप रही हैं।



चैलचौक : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोआ के विजेता विद्यार्थी सामूहिक चित्र में। (योगिंद्र)

धर्मशाला | मंगलवार, 14 जून 2022 5

# अप्रेंटिसशिप के लिए युवा अभ्यर्थियों को दिए ऑफर



मंडी आईटीआई में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में भाग लेते युवक और युवतियां। - संवाद

**मंडी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में आयोजित जिला स्तरीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले में 74 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया।

इस मौके पर 34 कंपनियों, सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों, होटलों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप के ऑफर दिए। अभ्यर्थियों और औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों में सीधा संवाद हुआ। होटल, कंपनियों और सरकारी दफ्तरों के प्रतिनिधियों ने आईटीआई पास अभ्यर्थियों को जल्द अप्रेंटिसशिप के लिए कहा। प्रधानाचार्य एवं असिस्टेंट अप्रेंटिसशिप एडवाइजर इंजीनियर शिवेंद्र डोगर ने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को सकुशल रोजगार और स्वरोजगार देना सरकार का उद्देश्य है।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर रूपेंद्र, समूह अनुदेशक-कम-जूनियर असिस्टेंट अप्रेंटिसशिप एडवाइजर इंजीनियर केके वर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# श्रम शक्ति देश की रीढ़



मंडी : आई.टी.आई. मंडी में आयोजित जिला स्तरीय प्राइम मिनिस्टर नैशनल अप्रैंटिसशिप मेले में उपस्थित प्रशिक्षु। (छाया)

## आई.टी.आई. मंडी में जिला स्तरीय अप्रैंटिसशिप मेला आयोजित

मंडी, 13 जून (रजनीश): राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) मंडी में सोमवार को जिला स्तरीय प्राइम मिनिस्टर नैशनल अप्रैंटिसशिप मेला नैशनल अप्रैंटिसशिप प्रोमोशन स्कीम पोर्टल के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर आई.टी.आई. प्रधानाचार्य एवं असिस्टैंट अप्रैंटिस एडवाइजर शिवेंद्र डोगर उपस्थित हुए।

उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए श्रम शक्ति किसी देश की रीढ़ की हड्डी होती है। श्रम शक्ति को उद्योगों को उपलब्ध करवाने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षणार्थियों को करवाना स्किल इंडिया के स्वप्न को साकार रूप से सिद्ध करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता रहेगी।



मंडी : कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रधानाचार्य शिवेंद्र डोगर। (छाया)

मास्टर ट्रेनर रूपेंद्र व नीरज शर्मा और समूह अनुदेशक के.के. वर्मा ने प्रशिक्षुओं को इस योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में मैनेजर जिला उद्योग केंद्र विनय वर्मा, विप्लोव ठाकुर, अमित ठाकुर, विजय शर्मा व एम.के. शर्मा उपस्थित रहे।

---

# आधुनिक युग में टेक्नोलॉजी का बोलबाला

## बहुतकनीकी संस्थान चंबा ने मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

दिव्य हिमाचल ब्यूरो, चंबा



राजकीय सहस्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह में सदर विधायक पवन नैयर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया।

विधायक पवन नैयर ने अपने ने प्रशिक्षणार्थियों को वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के महत्व के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि आज के आधुनिक युग में टेक्नोलॉजी का बोलबाला है। कोई भी व्यक्ति जो तकनीकी शिक्षा को अपनाता है आज के वर्तमान समय में उसका भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ सोशल मीडिया का उचित उपयोग करने को भी कहा। उन्होंने कहा तकनीकी शिक्षा में प्रशिक्षणार्थी का कुशल होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि तकनीकी शिक्षा में थ्योरी से अधिक प्रैक्टिकल का महत्व होता है। उन्होंने संस्थान में चल रहे विकासात्मक कार्य का जिक्र करते हुए कहा कि 4 करोड़ 67 लाख लागत के 100 बिस्तरों की क्षमता के ब्वॉयज हास्टल निर्माण कार्य प्रगति पर है। 67 लाख की लागत से निर्मित किए जा रहे प्रधानाचार्य आवास का कार्य अंतिम चरण पर है। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान के प्राध्यापकों व अन्य स्टाफ के लिए छह टाइप-एक व दो छह टाइप-तीन और छह टाइप-चार के आवास भवनों के निर्माण के लिए 5 करोड़ 33 लाख रुपए की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और जल्द ही इन आवासीय भवनों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान विधायक पवन नैयर ने शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए। इससे पहले विधायक पवन नैयर को संस्थान के प्रधानाचार्य पुनीत महाजन ने शाल व टोपी पहनाकर व स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित भी किया। समारोह में संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विधायक पवन नैयर ने सांस्कृतिक कार्यम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों के प्रोत्साहन के लिए 11 हजार रुपए देने की भी घोषणा की।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेधावी सम्मानित

## राजकीय सहस्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा में हुआ पारितोषक वितरण समारोह का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंबा।** आज के आधुनिक युग में टेक्नोलॉजी का बोलबाला है। कोई भी व्यक्ति जो तकनीकी शिक्षा को अपनाता है, वर्तमान समय में उसका भविष्य उज्ज्वल है, बशर्ते उसमें कुशलता की कमी न हो।

राजकीय सहस्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे सदर विधायक पवन नैयर ने यह बात कही। कहा कि तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे युवाओं के लिए स्वावलंबन के बेहतर विकल्प हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ सोशल मीडिया का उचित उपयोग करने को भी कहा। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि तकनीकी शिक्षा में थ्योरी से अधिक प्रैक्टिकल का महत्व होता है। उन्होंने संस्थान में चल रहे विकासात्मक कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि 4. 67 करोड़ के सौ बिस्तरों की क्षमता के ब्वॉयज हॉस्टल निर्माण कार्य प्रगति पर है और 67 लाख की लागत से निर्मित किए जा रहे प्रधानाचार्य आवास का कार्य भी अंतिम चरण में है। संस्थान के प्राध्यापकों और अन्य स्टाफ के आवास भवनों के निर्माण के लिए 5. 33 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जल्द इन आवासीय भवनों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।


राजकीय सहस्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा में पारितोषिक वितरण समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। -संवाद

इस दौरान विधायक पवन नैयर ने शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में पहुंचने पर सदर विधायक का संस्थान के प्रधानाचार्य पुनीत महाजन ने शॉल, टोपी और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में प्रशिक्षणार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहन के [illegible] रूप [illegible] देने की घोषणा की।

19/06/2022 09:49

# केसीसीबी ने जागरूक किए आइटीआइ प्रशिक्षु

## आइटीआइ नैहरियां में वित्तीय साक्षरता शिविर, बैंक में खाता खुलवाएं सभी लोग : राकेश

संवाद सहयोगी, अम्ब : कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक (केसीसीबी) सीमित अम्ब ने शनिवार को आइटीआइ नैहरियां में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाकर प्रशिक्षुओं को जागरूक किया। शिविर की अध्यक्षता केसीसीबी के वित्तीय साक्षरता केंद्र अम्ब के एजीएम राकेश शर्मा ने की।

उन्होंने प्रशिक्षुओं व ग्रामीणों को बैंक में खाता खोलने वाले दस्तावेजों, शिकायत निवारण के तरीके, केवाईसी, डिजिटल बैंकिंग, शिक्षा ऋण, कैशलेस लेन-देन, सुरक्षा बीमा योजना और विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आने वाला समय डिजिटल युग है और सभी लोग बैंक में खाता खुलवाएं। एटीएम कार्ड का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और सतर्क रहें। अपना एटीएम कार्ड नंबर, आधार कार्ड नंबर और ओटीपी कभी किसी से शेयर न करें।



जागरूक : आइटीआइ नैहरियां में वित्तीय साक्षरता शिविर में उपस्थित प्रशिक्षु, केसीसीबी अधिकारी व स्टाफ सदस्य • जागरण

**डिजिटल सेवाएं इस्तेमाल करने का आह्वान** : बैंक के स्थानीय शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र रानटा ने प्रशिक्षुओं को डिजिटल इंडिया, नेट बैंकिंग, बीमा योजना, ऋण सुविधाएं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, सुरक्षा योजना, ऋण शिकायत निवारण सहित बैंक की ओर से दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षुओं से डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करने का आह्वान कर इसके लाभ बताए।

नाबार्ड से सहायता प्राप्त आरती वूमन वेलफेयर सोसायटी मैड़ी की चेयरपर्सन राज रानी ने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों का गठन कर बैंक से कर्ज लेकर खुद का व्यवसाय शुरू कर अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं। इस तरह वे आर्थिक रूप से पहले से अधिक सशक्त हो जाएंगे। वहीं, आइटीआइ नैहरियां के प्रधानाचार्य प्रवेश शर्मा ने प्रशिक्षुओं को वित्तीय प्रशिक्षण देने के लिए बैंक से आए अधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे शिविर में बताई गई जानकारी को स्वजन और दोस्तों से भी साझा करें।

### ये रहे उपस्थित

शिविर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैहरियां के समूह अनुदेशक सुरेंद्र सिंह, अनुदेशक सुनील दत्त, सुरेश कुमार, जीवना कुमारी, आशा रानी, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक नैहरियां के स्टाफ सदस्य राहुल शर्मा, करम चंद व अरुण लट्ठ मौजूद रहे।

# युवा नशे की लत में न पड़कर दूसरों को बताएं दुष्प्रभाव

## आईटीआई चंबा में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को किया जागरूक, पुलिस उप अधीक्षक ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

संवाद न्यूज एजेंसी

**चंबा।** युवा नशे की लत में न पड़कर लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। नशा युवा पीढ़ी का भविष्य और जीवन खराब कर रहा है।

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि 14 से 55 वर्ष के बीच 40 प्रतिशत तक युवा हैं। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए पुलिस महकमा प्रयासरत है।


पुलिस की पाठशाला

युवाओं में अनुशासन होना चाहिए। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों में शातिर युवक युवतियों को अपने निशाने पर रखकर उन्हें ब्लैकमेल करते हैं। लिहाजा, किसी अज्ञात नंबर की कॉल को उन्हें ब्लैक लिस्ट में डाल दें। फेसबुक पर अपने प्रोफाइल को लॉक कर रखें। उन्होंने आपातकालीन सहायता नंबर 112, गुड़िया हेल्पलाइन नंबर 1515 और शक्ति एप को मोबाइल में डाउनलोड करने की सलाह भी दी। उन्होंने यह भी कहा कि अपराध के आधार पर ही उसका दंड निर्धारित होता है। लोगों में मिथ्या है कि कई बार मारपीट के मामले में पुलिस सीधे आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती है। हालांकि, यदि मारपीट की शिकायत पर पीड़ित का मेडिकल करवाया जाता है और डॉक्टर गहरी चोटों का जिक्र करता है तो उसी आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पुलिस का भी दायरा निर्धारित है। सात वर्ष से कम की सजा संबंधी मामलों में पुलिस व्यक्ति को सीधे गिरफ्तार नहीं कर सकती है। कई मामलों में यदि लोगों को लगता है कि उन्हें न्याय नहीं मिला है तो न्यायालय के माध्यम ... आदेश जारी करवाकर मामले ... दोबारा जांच करवा सकते हैं। न्यायिक आदेश पर पुलिस को कई प्रकार की शक्तियां मिलती हैं।

कहा कि वाहन चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, प्रदूषण रिपोर्ट संबंधी सभी दस्तावेज होने और चालक के हेलमेट पहनने पर किसी प्रकार का चालान नहीं हो सकता है। इस अवसर पर उन्होंने युवतियों को आत्मरक्षा संबंधी जरूरी टिप्स भी दिए। वहीं प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने पुष्पगुच्छ ... मुख्यातिथि का स्वागत किया। ... आईटीआई का समस्त ... विभिन्न ट्रेडों के प्रशिक्षु



औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में मौजूद प्रशिक्षु और महिला प्रशिक्षुओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते पुलिस उप अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा। -संवाद




कार्यक्रम में मौजूद पुलिस उप अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा, संस्थान के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा और स्टाफ। -संवाद



# कंडाघाट में छाई छात्राओं की लावणी नाटी

## महिला पोलिटेक्निकल कालेज में सालाना समारोह की धूम,रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही

ललित वर्मा-कंडाघाट

राजकीय महिला बहुतकनीकी संस्थान कंडाघाट में सोमवार को 36वें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न हुआ।

इस समारोह के मुख्यातिथि डा. रामलाल मारकंडा तकनीकी शिक्षा सूचना प्रौद्योगिकी एवं जनजातीय विकास मंत्री हिमाचल प्रदेश समारोह में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि डा. रामलाल मारकंडा का संस्थान के स्टाफ व छात्राओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया । दीप प्रज्वलित कर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह की शुरुआत हुई। संस्थान के प्रिंसीपल द्वारा मुख्यतिथि को शॉल व टोपी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार बिंद्रा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए संस्थान की छात्राओं व स्टाफ की उपलब्धियों के बारे में और कुछ मुख्य मांगे मंत्री के सामने रखी। इनमें संस्थान की छात्राओं के लिए बस की मांग की गई जो बहुत ही जरूरी है। छात्राओं को इंडस्ट्री विजिट कराने के लिए बस को किराए पर लेना पड़ता है जिससे बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है अगर संस्थान के पास अपनी बस हो तो छात्राओं को इंडस्ट्री विजिट कराने में मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें कम्प्यूटर फाइनल ईयर की लड़कियों ने ग्रुप डांस व रिपाक्षी कम्प्यूटर फर्स्ट ईयर ने सोलो सोंग, इलेक्ट्रॉनिक फाइनल ईयर की छात्राओं ने ग्रुप सॉन्ग लावणी नाटी पर छात्राओं ने बहुत ही खूबसूरत कार्यक्रम पेश किया गया। मुख्यातिथि द्वारा छात्राओं को प्राइस वितरित किए गए। (एचडीएम)




### कम्प्यूटर सेमेस्टर-पांच में कोमल रहीं फर्स्ट

संस्थान में कम्प्यूटर सेमेस्टर-पांच में कोमल कुमारी प्रथम स्थान, और प्रेरणा कंवर द्वितीय स्थान इलेक्ट्रॉनिक सेमेस्टर-पांच में श्रुति चंदेल प्रथम और कमलेश स्थान द्वितीय पर रही। इसी प्रकार थर्ड सेमेस्टर इलेक्ट्रॉनिक में प्रथम आरती ठाकुर और सिमी चौहान द्वितीय स्थान पर रही रही। कम्प्यूटर थर्ड ईयर में पायल प्रथम स्थान और वंशिका दूसरे स्थान पर रही। फार्मेसी फर्स्ट ईयर में प्रिया शर्मा प्रथम व अदिति कौंडल दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार बोर्ड में तीसरे स्थान पर आरती ठाकुर इलेक्ट्रॉनिक थर्ड सेमेस्टर में टेबल टेनिस में प्रथम स्थान पर प्रेरणा ठाकुर, कनिका ठाकुर पलक शर्मा और मोनिका बैडमिंटन में विजेता रही। समृद्धि ठाकुर, सिमरन ठाकुर, जन्नत व पूजा शर्मा टेबल टेनिस में प्रथम स्थान पर रही।



कंडाघाट। महिला पोलिटेक्निकल कालेज कंडाघाट के सालाना समारोह में कार्यक्रम का लुत्फ उठातीं छात्राएं

epaper.divyahimachal.com